कार्यालय, प्रधानाचार्य एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी
हकीम सैयद ज़ियाउल हसन,शासकीय(स्वशासी)यूनानी चिकित्सा महाविद्यालय
(कोलार–नेहरू नगर बायपास रोड, मेनिट के पीछे,भोपाल 462003)
Web: www.gumcbhopal.in E.mail: gumcbhopal@gmail.com दूरभाष क्रं. –0755–2970354

## (सत्र 2026–27 हेतु Cleaning & Sanitary Item की आपूर्ति हेतु ई–निविदा के नियम एवं शर्तें)

हकीम सैयद ज़ियाउल हसन शासकीय (स्वशासी) यूनानी चिकित्सा महाविद्यालय भोपाल में Cleaning & Sanitary Item की आपूर्ति हेतु ई–निविदा प्रक्रिया के अंतर्गत निविदाएं आमंत्रित की जाती है, जो कि https://mptenders.gov.in पर निर्धारित समयावधि में उपलब्ध है। निविदा प्रस्तुत करने के नियम निर्देश एवं शर्तें महाविद्यालय की वेबसाइट www.gumcbhopal.in पर भी प्रदर्शित हैं।

1. ई–निविदा प्रपत्र प्राप्त करने एवं जमा करने की अंतिम तिथि 30.03.2026 को सायं 05.00 बजे तक है। निविदा खोले जाने की तिथि 31.03.2026 सायं 06.00 बजे है।
2. ई–निविदा बिड दस्तावेज हस्तांतरणीय नहीं हैं।
3. इच्छुक ई–निविदाकर्ता ऑनलाइन mptenders.gov.in से ई–निविदा राशि रू. 1000/– का भुगतान कर सकते हैं, जिसको mptenders.gov.in पर तकनीकी एवं वित्तीय निविदा पृथक–पृथक ऑनलाईन सबमिट की जाना है।
4. ई.एम.डी.राशि रूपये 2000.00 शब्दों में (दो हजार मात्र) जिसे ई–पेमेन्ट के माध्यम से mptenders.gov.in पर tender सबमिट करते समय पेमेन्ट करना होगा। ई.एम.डी. राशि सफल निविदाकार को अनुबंध होने पर नियमानुसार वापस की जावेगी, शेष निविदाकारों की ई.एम.डी.राशि mptenders.gov.in के माध्यम से लौटा दी जावेगी। सफल निविदाकार को निष्पादन प्रतिभूति राशि (रूपये 3000.00 तक) बैंक ड्राफ्ट के माध्यम से महाविद्यालय में जमा करना होगी। निष्पादन प्रतिपूर्ति राशि बिना ब्याज के अनुबंध समाप्त होने पर वापस लौटा दी जावेगी। म.प्र.के लघु उद्यम तथा स्टॉर्टअप को ई.एम.डी. राशि के भुगतान में छूट रहेगी। ई.एम.डी.राशि छूट प्राप्त करने हेतु आवश्यक दस्तावेज ई–निविदा में अपलोड करना अनिवार्य है।
5. अनुबंधित फर्म को उचित गुणवत्ता की सामग्री की आपूर्ति अनिवार्य है। इस हेतु कोई भाड़ा/हम्माली पृथक से देय नहीं होगी।
6. वित्तीय निविदा प्रपत्र–02 अनुसार दरें https://mptenders.gov.in पर ई–निविदा की एक्सल शीट BOQ में ही अंकित करना है।
7. सामग्री की गुणवत्ता संबंधी प्रमाणीकरण मान्य होने के पश्चात् ही भुगतान की कार्यवाही की जावेगी, जी.एस.टी.नियमानुसार देय होगी।

24/2/26 24/2/26 24/2/26

Scanned with CamScanner

वित्तीय निविदा का प्रपत्र –ब अनुसार न्यूनतम दर (एल–1) ऑफर करने वाले निविदाकार को क्रय आदेश निर्धारित शर्तों के अधीन सौंपा जावेगा।

9. किसी भी प्रकार की शिकायत प्राप्त होने पर तथा नियम शर्तों का पालन न करने पर अथवा सन्तोषजनक सेवा न पाये जाने पर अनुबंध तत्काल निरस्त कर दिये जावेगें एवं सम्पूर्ण जिम्मेदारी संबंधित फर्म की होगी। ऐसी स्थिति में जमा निष्पादन प्रतिभूति की राशि राजसात कर ली जावेगी, तथा संबंधित फर्म पर ब्लैक लिस्टिंग की कार्यवाही की जावेगी, एवं सामग्री की आपूर्ति हेतु एल–02 फर्म से अनुबंध किया जायेगा।

10. सफल निविदाकार से किया गया अनुबंध 31 मार्च 2027 की अवधि तक के लिये मान्य होगा।

11. ई–निविदा स्वीकार होने पर सफल निविदाकार को एक अनुबंध राशि रूपये 100.00 के नॉन ज्यूडिशियल स्टाम्प पेपर पर नोटरी कर प्रस्तुत करना अनिवार्य है। जिसका व्यय निविदाकार को वहन करना होगा।

12. निविदाकर्ता फर्म भोपाल नगर निगम सीमा में स्थापित होना चाहिये जिसका गुमास्ता तकनीकी निविदा के अभिलेखों के साथ संलग्न करना आवश्यक होगा।

13. निविदाकर्ता के पास स्वयं अथवा फर्म का पैन नंबर होना चाहिये जिसकी प्रतिलिपि तकनीकी निविदा के अभिलेखों के साथ संलग्न करना आवश्यक होगा।

14. निविदाकर्ता के पास जी.एस.टी. नम्बर होना आवश्यक है जिसकी प्रतिलिपि तकनीकी निविदा के अभिलेखों के साथ संलग्न करना आवश्यक होगा।

15. निविदाकर्ता फर्म का वित्तीय वर्ष 2023–24 एवं 2024–25 का टर्न ओवर न्यूनतम 05 लाख होना आवश्यक है, जिसके साक्ष्य के रूप में वित्तीय वर्ष 2023–24 एवं 2024–25 की आयकर विवरणी की प्रति, बैलेंस शीट, लाभ–हानि पत्रक/चाटेर्ड एकाउन्टेन्ट द्वारा प्रमाणित एवं वित्तीय वर्ष 2023–24 एवं 2024–25 की आयकर विवरणी तकनीकी निविदा के दस्तावेज़ों के साथ अपलोड करना आवश्यक है।

16. निविदाकर्ता द्वारा कार्यादेश का कुछ भाग या पूर्ण भाग अन्य किसी ठेकेदार/व्यक्ति को नहीं सौंपेगा यदि किसी निविदाकर्ता द्वारा किसी अन्य फर्म/व्यक्ति को कार्य सौंपा जाता है, या कार्य कराता पाया जाता है तो उसका अनुबंध समाप्त कर फर्म को Black listed किया जायेगा।

17. आवेदनकर्ता फर्म प्रदेश के किसी भी शासकीय संस्था से ब्लैक लिस्टेड नहीं होनी चाहिए। यदि जानकारी प्राप्त होती है, तो निष्पादन प्रतिभूति राशि राजसात कर संबंधित फर्म की निविदा/अनुबंध निरस्त कर दिया जावेगा। ब्लैक लिस्टेड न होने का घोषणा/शपथ पत्र राशि रू. 100.00 एक सौ मात्र के नॉन ज्युडीशियल स्टांप पर नोटराइज कराकर तकनीकी निविदा के साथ संलग्न करना अनिवार्य होगा।

18. ई–निविदा खोलते समय निविदाकर्ता अथवा उनके प्रतिनिधि (अधिकृत पत्र प्रस्तुत करने पर) शामिल हो सकते हैं।

24/2/26 24/2/26 24/2/26

Scanned with CamScanner

ई–निविदा को स्वीकृत अथवा अस्वीकृत करने का सम्पूर्ण अधिकार प्रधानाचार्य को होगा, जो सभी को मान्य एवं बंधनकारी होगा।

20. किसी भी विवाद की स्थिति में प्रधानाचार्य का निर्णय अंतिम एवं सर्वमान्य होगा, इसका पालन करना होगा।
21. ई–तकनीकी निविदा में जो दस्तावेज अपलोड किये हैं, उन दस्तावेजो की सत्यापित प्रति का 01 सेट ई–तकनीकी निविदा खोलते समय उपलब्ध कराना अनिवार्य होगा।
22. अन्य कोई शर्त आवश्यकता पड़ने पर मान्य करना होगी।
23. ई–तकनीकी निविदा का विश्लेषण करते समय केवल वांछित दस्तावेजों (चैक लिस्ट के अनुसार) को ही विचार क्षेत्र में लिया जावेगा।
24. किसी भी विवाद की स्थिति में न्याय क्षेत्र भोपाल रहेगा।

प्रधानाचार्य एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी
हकीम सैयद ज़ियाउल हसन
शासकीय(स्वशासी) यूनानी चिकित्सा
महाविद्यालय, भोपाल।

24/2/26 24/2/26 24/2/26

Scanned with CamScanner

## ीम सैयद ज़ियाउल हसन शासकीय(स्वशासी )यूनानी चिकित्सा महाविद्यालय भोपाल

### (तकनीकी निविदा प्रपत्र –01)

1 निविदाकर्ता फर्म का नाम ..........................................................................................................

2 फ़र्म के मालिक का नाम ........................................... पिता का नाम ..............................

3. वर्तमान निवास का पता ..........................................................................................................

4. दूरभाष / मोबाईल नंबर ..........................................................................................................

5. GSTIN No ..........................................................................................................

6. जीवित गुमाश्ता नंबर ........................................... दिनांक ..............................

7. पैन कार्ड नंबर ..........................................................................................................

8. अनुभव प्रमाण पत्र ..........................................................................................................

8. ई.एम.डी. राशि अंको में .................................... शब्दो में ..............................................

(ई.एम.डी.राशि की ई–प्रिंटेड प्रति तकनीकी निविदा के दस्तावेजो के साथ संलग्न करना होगा)

निविदाकर्ता के हस्ताक्षर

निविदाकर्ता का नाम ..............................

फ़र्म का नाम ..............................

फ़र्म की मुद्रा ..............................

24/2/26 24/2/26 24/2/26

Scanned with CamScanner

(ई–वित्तीय निविदा का प्रपत्र–ब)

## Cleaning and Sanitization Item List

| SR. | ITEM NAME | QTY | RATE |
|---|---|---|---|
| 1 | Floor Cleaner 05 Ltr | 1 Nos | |
| 2 | Air Freshner Liquid 250 ml | 1 Nos | |
| 3 | Glass Cleaner 250 ml | 1 Nos | |
| 4 | Phynyl Tablet | 1 Pkt | |
| 5 | Squeegee Washer Wiper Mopper | 1 Nos | |
| 6 | Household Laundry Detergent Powders 01 Kg | 1 KG | |
| 7 | Toilet Soap | 1 Nos | |
| 8 | Antimicrobial Hand Wash 500 ml | 1 ml | |
| 9 | Toilet Brush | 1 Nos | |
| 10 | Broom Normal | 1 Nos | |
| 11 | Bartan Gunja Iron | 1 Nos | |
| 12 | Bartan Gunja Simple | 1 Nos | |
| 13 | Cloth Sponge | 1 Nos | |
| 14 | Harpic 500 ml | 1 Ltr | |
| 15 | Feather Broom or Phool Jhadu Plastic | 1 Nos | |
| 16 | Mosquito Killer Machine With 01 Refills | 1 Nos | |
| 17 | Plastic Sealing Makdi Jala Cleaning Broom | 1 Nos | |
| 18 | Mop Poncha with handle | 1 Nos | |
| 19 | Mop Poncha | 1 Nos | |
| 20 | Dish wash Bar 100 gm | 1 Nos | |
| 21 | Sai Baba Powder 0,5 Kg | 1 Nos | |
| 22 | Plastic Seiwi 17 cm 07 no (Channi) | 1 Nos | |
| 23 | Air Freshner Sachet | 1 Nos | |

नोट–उक्त प्रपत्र प्रारूप मात्र है इस प्रपत्र के अनुसार दर राशि को ई–वित्तीय निविदा ऑनलाइन www.mptender.gov.in पर तकनीकी निविदा की एक्सल शीट BOQ में ही दर्ज करना है।

प्रधानाचार्य एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी
हकीम सैयद ज़ियाउल हसन
शासकीय(स्वशासी) यूनानी चिकित्सा
महाविद्यालय, भोपाल।

24/2/26 24/2/26 24/2/26

Scanned with CamScanner

# //शपथ–पत्र//

मैं ..................................................................पिता श्री.................. ..............................निवासी ............................................................................ ..........................................उम्र .......... वर्ष शपथ पूर्वक कथन करता हूं कि हकीम सैयद ज़ियाउल हसन, शासकीय (स्वशासी) यूनानी चिकित्सालय महाविद्यालय में सफाई एवं सैनेटाईजेशन सामग्री के स्थानीय क्रय हेतु निविदा में दी गई समस्त शर्तो का पूर्ण होशो–हवास में अध्ययन कर लिया है जिसकी समस्त शर्ते मुझे मान्य है। एवं मेरे द्वारा प्रस्तुत समस्त दस्तावेज वैधानिक हैं एवं किसी भी शासकीय संस्था द्वारा मेंरी फर्म को ब्लैक लिस्टेड नहीं किया गया है। निविदा की शर्तो का पालन नहीं करने एवं मेरे द्वारा प्रस्तुत दस्तावेज त्रुटिपूर्ण पाये जाने की स्थिति में यदि मेरी निविदा/अनुबंध निरस्त की जाती है, तो मुझे किसी प्रकार की आपत्ति नही होगी।

गवाह/साक्षी के हस्ताक्षर ..................
गवाह/साक्षी का नाम ......................
मोबाइल नं0 ....................................

निविदाकर्ता के हस्ताक्षर ..................
निविदाकर्ता का नाम ......................
मोबाइल नं0 ....................................

नोट :– उक्त शपथ पत्र राशि रु 100.00 एक सौ मात्र के नॉन ज्युडीशियल स्टांप पर नोटराइज कराकर तकनीकी निविदा के साथ संलग्न करना अनिवार्य होगा ।

23/2/26 24/2/26 24/2/26